>

Title: Need to make Bharwari and Sirayu Railway Stations in Chail Parliamentary Constituency as a halt station for Chauri Chaura Express, Sealdah-Delhi Express, Toofan Express and Janta Express.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चायल, उत्तर प्रदेश में मुख्य मार्ग दिल्ली से हावड़ा होकर गुजरने वाली जनता और तूफान एक्सप्रेस रद्द किये जाने से मुसाफिरों की दिक्कत बढ़ गई है। जिला इलाहाबाद, प्रतापगढ़, कौशाम्बी व फतेहपुर के कारोबारियों को इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, दिल्ली के सफर के लिए खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इलाहाबाद कौशाम्बी के बीच चलने वाली ट्रेनें चौरीचौरा, सियाल दहा- दिल्ली, श्रीगंगानगर उद्यान आभा (तूफान एक्सप्रेस) जनपद एक्सप्रेस समेत चार ट्रेने 1 दिसम्बर, 2007 से बंद हैं। मौसम की खराबी के कारण बताया जाता है। माह, दो माह बाद ट्रेने दुबारा चला दी जाती हैं। इस बार 4 माह बाद चलाई गई हैं जिस कारण रेल विभाग को प्रतिदिन लाखों रूपये का घाटा होता है। इन ट्रेनों से व्यवसाय नगरी भरवारी, सिरायू स्टेशनों से रोजाना सैंकड़ों व्यापारी दिल्ली, लखनऊ, इलाहाबाद, कानपुर आते जाते हैं। जनपद कौशाम्बी के भरवारी, सिरायू स्टेशनों पर इसके अलावा अन्य गाड़ियों का ठहराव होना चाहिये।